**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा दिनांक 09.09.2023**

**शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 25 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

**<u>अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा थाना नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रधानोंए ग्राम प्रहरी एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ की गोष्ठी।</u>**

**<u>आपरेशन दृष्टि व मिशनत्रृशक्ति के बारे में जागरूक कर अपराध नियंत्रण हेतु अधिक से अधिक कैमरे लगवाने हेतु किए प्रेरित-</u>**

आज दिनांक 09.09.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर श्री अखिल कुमार द्वारा थाना नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालपुर स्थित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर पहुंचकर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री अंकित मित्तल की उपस्थिति में ग्राम प्रधानोंए ग्राम प्रहरी एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ की गोष्ठी। गोष्ठी के दौरान जनता को उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया गया एवं आपरेशन त्रिनेत्र के सम्बन्ध में बताकर प्रमुख स्थानों पर ब्ब्ज्ट कैमरे लगवाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।